**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 31-12-2021**

**उधम सिंह नगर(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-12-31 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2022-01-01 | 2022-01-02 | 2022-01-03 | 2022-01-04 | 2022-01-05 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 21.0 | 22.0 | 21.0 | 22.0 | 23.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 5.0 | 4.0 | 4.0 | 5.0 | 7.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 95 | 95 | 90 | 90 | 95 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 60 | 55 | 55 | 55 | 60 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 6.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 300 | 310 | 310 | 320 | 320 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 4 | 1 | 1 | 3 | 4 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों ( 24 – 30 दिसम्बर, 2021) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहने के साथ बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 17.5 से 24.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 6.2 से 11.0 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 77 से 94 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 32 से 66 प्रतिशत एवं हवा 0.7 से 3.0 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 21.0 से 23.0 व 4.0 से 7.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा। हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। 1 जनवरी को मैदानी इलाकों के कुछ हिस्सों में सुबह के समय मध्यम से घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। 31 दिसम्बर व 1 जनवरी को शीत लहर चलने की भी संभावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 5 से 11 जनवरी के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक, अधिकतम तापमान सामान्य से कम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

## सामान्य सलाहकार:

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए पिछले हफ्ते एनडीवीआई 0.15-0.4 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मैप 2 से 29 दिसम्बर तक हल्की नमी की स्थिति को दर्शाता है। सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें। किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है। सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें तथा पशुओं को गुड़ व अजवायन खिलाएं, यह उन्हें गर्मी और ऊर्जा देता है। गुड़ व अजवायन को पानी में मिलाकर न खिलायें।

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा लेकिन 1 जनवरी को मैदानी इलाकों के कुछ हिस्सों में सुबह के समय मध्यम से घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गेहूँ | जनवरी माह में गेहूँ की बुवाई न करें क्योंकि जनवरी माह में गेहूँ की बुवाई करने पर 60-65 कि0ग्रा0/है0/दिन की दर से कमी आती है तथा फसल पकने के समय गर्म हवा चलने से गेहूँ के दाने बहुत ही पतले हो जाते है। आगामी दिनों में शीत लहर की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए किसान भाई फसल में हल्की सिंचाई करें तथा सिंचाई के बाद यूरिया का छिड़काव करें। खेत के आसपास धुआं भी कर सकते है। |
| सरसों | सरसों में माहुँ का प्रकोप होने पर थायमेथोक्जाम 25 डब्लू जी की 50-100 ग्रा0 मात्रा का 600-700 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करे और फसल को शीत लहर से बचाने के लिए सिंचाई करनी चाहिए। |
| जौ | निचले क्षेत्रों में शीत लहर के प्रभाव से जौ की पत्तियाँ पीली पर सकती है अतः इससे बचाव हेतु फसल में हल्की सिंचाई करें। |
| चना | फसल में निराई-गुड़ाई जैसी कृषि संबंधी क्रियाएं करें। शीत लहर और पाले के कारण चने की वृद्धि में कमी व पत्तियों और प्रकंदों की अकाल मृत्यु हो सकती है, इसे रोकने के लिए, शीत लहर और पाला पड़ने की स्थिति में सिंचाई की जानी चाहिए। |
| लहसुन | लहसून की पत्तियाँ पीली पड़ने की स्थिति में, टेबुकोनाजोल का 1 मिली/लीटर+प्रोफेनोफोस का 1 मिली/लीटर की दर से छिड़काव करें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| आलू | आलू के पछेती झुलसा रोग के प्रकोप से बचाव हेतु, आलू उत्पादक किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि इस स्थिति में साइमोक्जेनिल + मैन्कोजेब अथवा डाइमिथोमार्फ + मैन्कोजेब अथवा फैनामिडान + मैन्कोजेब में से किसी एक सम्मिश्रण फफूदनाशी का 3.0 ग्राम प्रति लीटर की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। रोग की अत्याधिक तीव्रता बढ़ने पर ऊपर दिये गये किसी एक सम्मिश्रण फफूदनाशी का 10-15 दिन के अन्तराल में पुनः छिड़काव करें लेकिन किसान भाइयों से अनुरोध है कि एक सम्मिश्रण फंफूदनाशी का एक बार ही छिड़काव हेतु प्रयोग करें। सम्मिश्रण फंफूदनाशी के छिड़काव उपरान्त रोग की तीव्रता कम होने पर आवश्यकतानुसार मैन्कोजेब नामक फंफूदनाशी का 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। |
| टमाटर | टमाटर में फल बेधक का प्रकोप होने पर, क्लोरान्ट्रानिलिप्रोले 18.5 एस0सी0, 150मि0ली0/है0 के छिड़काव के तीन दिन बाद या इन्डोक्साकार्ज 14.5 एस0सी0, 500मि0ली0/है0 की दर से छिड़काव के पाँच दिन बाद ही फल का उपयोग करें। टमाटर की फसल को आगामी दिनों में शीत लहर की स्थिति से बचाने के लिए फसल की सिंचाई करें। |
| मिर्च | फसल को शीत लहर से बचाने के लिए फसल की सिंचाई करें\| |
| गोभी | 31 दिसंबर और 1 जनवरी को शीत लहर और पाले का पूर्वानुमान है और यह फसल की वृद्धि में कमी का कारण बन सकता है, अतः फसल को आगामी दिनों में शीत लहर व पाले की स्थिति से बचाने के लिए फसल की सिंचाई करें और पौधों को प्लास्टिक की चादर से ढक दें\| |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भेंस | इस बदलते मौसम में नवजात पशुओं में निमोनिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए पशुओं की आवास व्यवस्था को सुदृढ़ करें व आहार में गर्म चीजें दें। पशुओं को सर्दी से बचाने के लिए बिना पानी में मिलाए ही गुड़ के साथ अजवाइन का सेवन कराना चाहिए। यह उन्हें गर्मी और ऊर्जा देता है। |

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
| --- | --- |
| गाय | इस बदलते मौसम में नवजात पशुओं में निमोनिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए पशुओं की आवास व्यवस्था को सुदृढ़ करें व आहार में गर्म चीजें दें। पशुओं को सर्दी से बचाने के लिए बिना पानी में मिलाए ही गुड़ के साथ अजवाइन का सेवन कराना चाहिए। यह उन्हें गर्मी और ऊर्जा देता है। |